राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 50.00 संख्या 2449

हैड्रॉन

नागराज

सुपर कमाण्डो ध्रुव

ब्रह्मांड पर ऐसा खतरा पहले कभी नहीं मंडराया।

किसी ने आज तक ईश्वरीय नियमों को चुनौती देने का ऐसा साहस कभी नहीं किया था!

ब्रह्मांड की हर वस्तु एक ही समय काल में असंख्य भिन्न-भिन्न परिस्थितियों से गुजर सकती है। और ऐसी हर परिस्थिति के लिए एक अलग आयाम होता है। यानी असंख्य परिस्थियों के लिए असंख्य आयाम!

यानि असंख्य नागराज! और उनके निशाने पर है- एक नागराज।

पर आयाम खुद भी किसी के निशाने पर हैं।

और वह है ब्लैक होल की विनाशकारी शक्ति।

ब्लैक होल- जिसका जनक है-

संजय गुप्ता पेश करते हैं!

हैड्रॉन

राज कॉमिक्स है मेरा जनून!

कथा	चित्रांकन	इंकिंग	इफैक्ट्स	कैलिग्राफी	सम्पादक
अनुपम सिन्हा, जॉली सिन्हा	अनुपम सिन्हा	सागर थापा, गौरव श्रीवास्तव	सुनील	हरीश शर्मा	मनीष गुप्ता

ओफ्! ये तो मेरे लिए भी जहर है!

ये जहर मेरे शरीर के ऊतकों को चारों तरफ से घेर रहा है। ताकि इससे बचाव कर सकने वाला मेरा विष प्रतिरोधक उन तक पहुंच ही न पाए।

मुझे पता था कि लिक्विड मेटल वेनम से कोई नागराज तक नहीं बच सकता! खत्म हो गया ये नागराज!

तो हम लोग अभी तक वापस क्यों नहीं जा पाए?

यानि नागराज अभी तक मरा नहीं है। बाहर निकाल कर देखो।

शायद उसकी सांसें अभी भी चल रही हों।

ये क्या? इसका शरीर तो जैसे अंदर से गल गया है।

मेरे विष का असर ऐसा ही होता है।

ये तो सिर्फ केंचुली है।

क्या?

वेरी इंटेलीजेंट! वह केंचुली बदल कर बच गया। हमसे भी और लिक्विड मेटल से भी!

पर वह गया कहां होगा? नागराज भागने वालों में से तो नहीं है।

वह कहीं पर भी हो, मेरे धातुनाग उसकी हल्की से हल्की हरकत को भी महसूस कर लेंगे।

सांस लेने की भी!

नागराज जमीन के नीचे कहीं भी नहीं है।

फिर वह गया कहां?

जमीन के ऊपर आता तो मेरा कोई न कोई सर्प उसको देख कर संदेश जरूर भेज देता!

ओह! ये पानी के अंदर पहुंच गया था! पर...ये बिना तैयारी के वापस नहीं आ सकता। कुछ गड़बड़ है।

गड़बड़ बिना स्क्रिप्ट में मजा कैसा?

अरे! ये कैसी कैद है?

ये सही कह रहे हैं। नागराज! मेरा मणि बंधन भी इनको ज्यादा देर तक रोक नहीं पाएगा!

कैसी भी कैद हो। हमको ज्यादा देर तक रोक नहीं पाएगी।

तुमको जो भी करना है जल्दी कर लो।

तब तक मैं कुछ ऐसा चक्कर चलाता हूं कि ये मणि को तोड़ने की चेष्टा न करें।

ठीक है नागू! उम्मीद है कि मैं अपना काम समय रहते पूरा कर लूंगा।

और मुझे भी उम्मीद है कि मैं भी नागराजों को चकमा देने में कामयाब रहूंगा! चाहे कुछ समय के लिए ही सही!

अरे वाह! सुनो दोस्तों, इन कठोर दीवारों पर अपनी ऊर्जा व्यर्थ मत करो!

इनके बीच में से रास्ता है।

कमाल है। हर दीवार पारदर्शी होने के कारण ये रास्ता नजर ही नहीं आ रहा था।

अब हमें बाहर निकलने में देर नहीं लगेगी।

और उस दुष्ट का सिर तोड़ने में भी जिसने हमको यहां पर पहुंचाया है।

घूमो, घूमो! ये तो भूलभुलैया जाल है। घूम फिर कर फिर वहीं पर आ पहुंचोगे।

इस उलझती गुत्थी का हल यहां पर था।

तुमको ये सारी बातें जिसने बताई, वह हमारा तुम्हारा सभी का दुश्मन है ध्रुव! और तुम उसकी बात का भरोसा कर रहे हो।

बिल्कुल नहीं कर रहा पापा और आप भी मत कीजिए। बस...

बस यही बात आप मेरे सिर पर हाथ रख कर कह दीजिए!

अगर तुम ऐसा चाहते हो तो ऐसा ही सही। क्योंकि सच तो यही है...

...कि तुम मेरे बेटे हो! तुम मेरी पहली पत्नी की संतान हो और यह बात रजनी भी जानती है।

मैं आपकी पहली शादी और पत्नी की मृत्यु की बात जानती हूं। पर मुझे तो आपने बताया था कि...

जन्म देते वक्त मां और बेटे दोनों की मृत्यु हो गई थी।

क्योंकि मुझे भी यही पता था।

आदमियों पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए।

यह सच्चाई खुद मुझे एक हफ्ते पहले पता चली है।

ध्रुव मेरा वही बेटा है जिसको मैंने मरा समझ लिया था यह मेरे लिए पक्के तौर पर जानना बहुत जरूरी था! क्योंकि उस मरे बच्चे का मैंने अपने हाथों से अंतिम संस्कार किया था!

पता चलते ही आपको DNA टेस्ट करवाना चाहिए था।

मैं पुलिस कमिश्नर हूं, रजनी। मैं जानता हूं कि आज कल DNA टेस्ट में भी गड़बड़ी करना बहुत आसान है। मुझे पक्के सुबूत चाहिए थे!

तो क्या थे वे सुबूत?

जिसने भी यह खेल खेला था! जिसने भी मेरे जिंदा बच्चे की जगह कोई मरा बच्चा रखा था। वह जरूर मुझ पर और ध्रुव पर नजर रख रहा था। वह मेरे और ध्रुव के डी.एन.ए. टेस्ट में गड़बड़ी कर सकता था।

इसीलिए मैंने ध्रुव की मृत मां के उन बालों के DNA से ध्रुव का DNA मैच कराया जो मैंने यादगार के तौर पर संभाल कर रखे थे।

DNA परफेक्ट मैच हुआ और मेरा शक दूर हो गया!

पर, डैड आपको यह शक हुआ ही क्यों, कि ध्रुव आपका ही बेटा है।

वो मुझे एक अंजान कॉल आई थी।

अजांन कॉल! ये भेद खुलने के ठीक हफ्ता पहले!! आप तो ठीक से झूठ भी नहीं बोल पाते!

आप लोग झगड़िए मत!! मुझे जो जानना था वह मैंने जान लिया है।

मैं जान गया हूं कि जिन सामाजिक मूल्यों के लिए मैं लड़ाई कर रहा था, वे मेरी अपनी ही जिंदगी में नहीं थे।

ध्रुव, इससे...इससे कोई फर्क नहीं पड़ता बेटे!

मेरा विश्वास करो, ध्रुव! सच यही है।

भईया!! अब क्यों भाग रहे हो? अब तो तुम ऑफीशियली मेरे भईया हो!! रुक जाओ, भईया!!

अरे, इतनी तेजी से कहां जा रहे हो?

लगता है आज किसी बहुत प्यारी चीज से एपायंटमेंट है। और तुम लेट हो गए हो!

सही कहा, ताशा।

कितनी प्यारी? मुझसे भी ज्यादा प्यारी!

उससे मिलने के बाद किसी और से मिलने की जरूरत नहीं रहती ताशा!!

मौत से!

ये क्या बेवकूफी है ध्रुव! अपना हाथ दो! टी.वी. पर तुम्हारी न्यूज मैंने भी सुनी है। सब बकवास है।

सब सच है, ताशा! मैं सच में अनाथ होता तो ज्यादा अच्छा था! पर मैं तो एक झूठ की औलाद हूं।

अब तो मैं अपराधियों तक से नजरें नहीं मिला सकता!

नहीं ध्रुव नहीं! ये बातें तुमको मैग्नम ने बताई हैं। पर मैग्नम को किसने बताई ये जानते हो तुम? मैं वही बताने तो आई थी...

ध्रुव!

नोऽऽऽऽऽऽ

अन्न्न्न्न्!!

हम इसका पीछा कर सकते हैं?

कोशिश जरूर कर सकते हैं।

आओ!

चलो! अब नागराज तो वापस आने से रहा और ध्रुव वापस आ ही नहीं सकता।

अब इनके सहारे पर बैठी दुनिया को हमारे सामने घुटने टेकने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा।

पर ध्रुव को मारना जरूरी था क्या? वह भी इस तरह से!

हां! पब्लिक को यह जानकर और धक्का लगना चाहिए कि वे अब तक एक कमजोर इंसान पर सुरक्षा की आस लगाए हुए थे।

ये झूठ है। और इस झूठ का खुलासा मैं करूंगी जनता के सामने! ध्रुव की मौत का सच मैं बताऊंगी जनता को।

सच तो यही है कि मेरी बेटी का एक नकारा इंसान से पीछा छूट गया है।

ध्रुव को आप लोगों ने झूठी चाल से मारा है। बस मुझे ये पता करना है कि ये आपने कैसे किया?

ये हम तुमको जरूर बताएंगे।

मेरी भोली बहन! पर अच्छी बहनियां, घर की बातें बाहर नहीं करते। और तू तो एक अच्छी लड़की है!

इसीलिए पहले हम तुझे बंद करेंगे फिर कहानी सुनाएंगे।

इसको ले जाओ यहां से, अभी यंहा पर जरूरी काम हो रहा है।

नागराज की समस्या अभी तक सुलझी नहीं है।

नागराज किसी तरह से अभी तक अपने आपको बचाए हुए है।

पर एक दूसरी गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है।

हैड्रॉन के कारण पैदा हुआ ब्लैक होल ध्रुव और उसकी दोस्त को निगलने के बाद धीरे-धीरे अनियंत्रित हो रहा है। वह अपना आकार और दायरा बढ़ा रहा है। अगर उसे नियंत्रण में लाए तो पुरानी नगरी पर केंद्रित गुरुत्व दबाव खत्म हो जाएगा और वह फिर से पानी में चली जाएगी! नागराज भी यहां पर वापस आ जाएगा और हमारा खेल खत्म हो जाएगा।

और अगर ब्लैक होल नियंत्रण नहीं किया गया तो क्या होगा?

तो वह धीरे-धीरे और बड़ा होता जाएगा और फिर सारे डायमेंशन आपस में जुड़ते चले जाएंगे! हमारा हर डायमेंशन पर राज करने का सपना भी उसी होल में भिंच जाएगा।

अब बात तभी बनेगी जब नागराज जल्दी से मरे और फिर मैं ब्लैक होल को एक खास आकार पर स्थिर कर दूं।

और यह काम मेरे अलावा और कोई नहीं कर सकता। क्योंकि आयामों की फ्रीक्वेंसी को अनलॉक करने वाले कोड सिर्फ मैं जानता हूं।

हां, इस मामले में तो तू मुझ पर भी भरोसा नहीं करता!

यानि अब सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि नागराज कितनी जल्दी मारा जाता है।

कुछ मैं नहीं जानता और कुछ तू नहीं जानता मेरे होने वाले जमाई।

तेरा शॉर्ट सर्किट इसलिए हो रहा है कि उस पृथ्वी के नागराज का एक अंश नागरानी वाले आयाम में भी है। और अंश होने के कारण उस छोटे से नागराज की फ्रीक्वेंसी नागराज से मैच करती है।

पर ये रहस्य मैं भाव-ताव करने के समय के लिए बचा कर रखूंगा।

नागराज की फ्रीक्वेंसी के शॉर्ट सर्किट वाली अड़चन नागराज की मौत का कारण बनने वाली थी।

और हमारी पृथ्वी के संपूर्ण विनाश का भी।

अरे भागो! जान बचानी है तो भागो वर्ना सुई की नोक बन जाओगे।

सुई की नोक! ये क्या बात हुई। समझ में नहीं आई।

वो प्रोटॉनों की टक्कर से पैदा हुआ माइक्रो ब्लैक होल अनियंत्रित हो गया है। वह सब कुछ अपने अंदर खींच रहा है।

ओ गॉड! पर ऐसा है तो भागोगे कहां? देर सवेर पूरी पृथ्वी ब्लैक होल में समा जाएगी।

प्रोफेसर सिरी उसे रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

"पर पता नहीं वे किस हद तक कामयाब हो पाते हैं।"

कमाल है। यंत्रों के अनुसार ब्लैक होल का दायरा बढ़ता जा रहा है। पर यहां पर उसका असर सीमित नजर आ रहा है...

" तो फिर यह बढ़ता हुआ दायरा कहां पर जा रहा है।"

"कहीं ब्लैक होल का दूसरा हिस्सा प्राचीन नगरी में तो पैदा नहीं हो रहा है जहां पर हेड्रॉन से पैदा हुई गुरुत्व शक्ति को केंद्रित किया गया है।"

खतरा सिर पर आ चुका था।

पर फिलहाल सभी इससे अंजान थे!

ये तो भूलभुलैया है। चारों तरफ अपनी ही परछाईं नजर आती है। और रास्ता ढूंढ़ कर उस पर चलो तो घूम-फिर कर हम एक ही स्थान पर आ पहुंचते हैं।

बहुत हो गया ये खेल! हमको इस मणि को पहले ही तोड़ देना चाहिए था।

अरे! ये मणि छूने में तो कठोर है।

पर वार करने पर जेली जैसी हो जाती है।

ये नागमणि है। ये स्वयं रूप बदलती रहती है। शायद तुम्हारे आयाम में मिलती नहीं है।

नागमणि!! नागों के मस्तक वाली मणि। हां,हां, मैंने अपने प्राचीन ग्रंथों में पढ़ा था। फिर भी मेटल वार बेकार नहीं होना चाहिए था।

तुम्हारा वार बेकार नहीं गया। मणि सर्प की मणि पर अगर वार होगा तो वह सर्प पर भी असर करेगा!

इस वक्त वह मणि नाग अपनी मणि को मानसिक शक्ति दे रहा था। इसीलिए असर उसके मानस पर हो रहा है।

मैं जानता हूं नागमणियों की रहस्यमय शक्तियों को! यह मणिनाग असाधारण रूप से शक्तिशाली है। ऐसे वार उसको केवल विचलित कर पाएंगे।

मानस वार को सिर्फ मानस ही हरा सकता है।

वह कैसे?

"अपनी-अपनी मानस शक्ति का प्रयोग करो और मणि दीवारों को पीछे धक्का दो! अपनी पूरी मानसिक इच्छाशक्ति का प्रयोग करो!"

ये खतरा तो टल गया! पर नागराज कहां गया?

उस खतरे को टालने...

जो तुम्हारी पूरी पृथ्वी पर प्रलय बनकर मंडरा रहा था।

यही वह यंत्र है जिसको उस रहस्यमय शख्स ने यहां पर दबाया था!

अब इसको नष्ट कर देने से इस प्राचीन नगरी का संपर्क तुम्हारे आयाम की पृथ्वी से जरूर टूट जाएगा!

नागराज ने कोशिश तो अच्छाई के लिए की थी-

पर उसे अंजाम का आभास तक नहीं था!

अरे! अरे!! सारे नागराज मेरी तरफ खिंचे आ रहे हैं।

अंधा कर देने वाली रोशनी के उस धमाके में कुछ भी दिखना बंद हो गया था।

और जब दिखा तो देखने के लिए वहां पर कुछ था ही नहीं।

ये क्या था? ऐसा लगा जैसे कि आयामों के बीच में शॉर्ट सर्किट हुआ है।

अगर ऐसा हुआ तो न जाने क्या होगा। हर वस्तु परमाणु से बनी है। और अगर परमाणु ही अपना कंपन बदल देंगे तो हम सब मिट जाएंगे।

एक पल में।

फिलहाल तो मिटने की नहीं बनने की बारी लगती है।

क्या मतलब?

स्क्रीन पर देखिए, सुप्रीम मैग्नम!

अरे! ये धमाका तो खुशखबरी का धमाका था। मैचिंग पूरी हो गई! यानि इसमें अड़ंगा डालने वाला नागराज मर गया! यानी-यानी अब ब्रह्मांड मेरी मुट्ठी में है।

मेरी नहीं हमारी मुट्ठी में बोलो डार्लिंग! देखो न डैड को बुरा लग रहा है।

हम सब एक है डार्लिंग! अब ग्रामर पर ध्यान देना छोड़ो और पूरे ब्रह्मांड को मुट्ठी में करने की तैयारी करो।

क्योंकि अब ब्रह्मांड के हर आयाम का एक-एक परमाणु हमारे इशारे का गुलाम है।

नमूना देखो।

एक मिनट...

उस नागराज की पृथ्वी पर हैड्रॉन कोलाइडर से पैदा हुए ब्लैक होल का क्या करना है।

अरे उसको हाथ भी नहीं लगाना है। वही तो हमारी मुख्य शक्ति है। जो अपने गुरुत्व पर आयामों को इतना करीब बांध कर रखे हुए है। इसको रोका तो हमारी शक्ति चली जाएगी। उसको अभी और बड़ा होने देना है।

"उसके बाद उस पृथ्वी को आधा निगलने के बाद ही स्थिर करना है।"

नागू! क्या हुआ तुझे?

जिसके सामने आते ही गोलियां अपना रास्ता बदल देती थीं।
जिसने बनाए डोगा जैसे लक्ष्य बेधी

आज एक शैतान की बंदूक
से चली गोली का लक्ष्य
बन गया है वही...

लक्ष्य पुरुष

राज कॉमिक्स में डोगा सीरीज की अचूक कॉमिक

सदियों पुराना एक आदेश जिसने रखी विश्व आतंकवाद की नींव!

World Terrorism

राज रजत वर्ष

ऑर्डर OF बेबल

ADVENTURE IN GERMANY

सौडांगी! उधर देखो!!

हे रा देवता!! ये क्या चीज है!!

पता नहीं! परंतु हर पल के साथ इसका आकार बढ़ता जा रहा है।

ये कहीं वही ब्लैक होल तो नहीं है जिसकी आशंकाएं जताई जा रही थीं।

वही है! पर ये सामान्य ब्लैक होल से थोड़ा सा अलग है। सामान्य ब्लैक होल मैटर के संकुचन से बनता है। पर ये ऊर्जा के संकुचन से बना है।

इसीलिए ये क्या करेगा यह कह पाना मुश्किल है।

पर नागराज कहां गया?

नागराज और दूसरे नागराजों को मैंने तेज रोशनी के एक धमाके में गायब होते देखा है। ये पता नहीं कि वे मरे हैं या बचे हैं।

नागराज पर बाद में विचार करेंगे। फिलहाल तो हमको इस ब्लैक होल को और बढ़ने से रोकना है।

मेरी शीत अग्नि इसे अभी ठंडा करके संकुचित कर देगी।

अरे वाह शीतनाग! तुम्हारी शीत शक्ति तो चमत्कारी है। ये ब्लैक होल तो छोटा हो रहा है।

ब्लैक होल छोटा जरूर हो रहा था-

जैसे अपने शिकार पर छलांग लगाने के लिए चीता अपने शरीर को सिकोड़े...

और फिर शिकार पर झपट पड़े!

हे कालजयी! ये तूने क्या किया शीतू? अब तो ये और तेजी से सब कुछ निगल रहा है। तूने इसको गति दे दी है।

अब हम नहीं बचेंगे। इस महाशक्ति के सामने हमारी सारी शक्तियां बेकार हैं। और इस शक्ति को कोई...

...रोक भी नहीं सकता है।

मैं जरा जल्दी बोल गया! किसने रोका ब्लैक होल का बढ़ाव?

दादा वेदाचार्य!!

हां सौडांगी! अगर ये कालछिद्र ब्रह्मांड की समस्त शक्तियों का विनाशक है तो तिलिस्म समस्त शक्तियों का सार है।

दादाजी! ये हमें पीछे धकेल रहा है।

इसने काफी गति हासिल कर ली है। इसके बढ़ाव को शून्य करने में समय लगेगा।

ओफ! इसकी गति तो थम ही नहीं रही है!!

अगर ये ऐसे ही बढ़ता रहा तो इसे महानगर तक पहुंचने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा!

जब ब्रह्मांड की समस्त शक्तियों का सार भी फेल हो जाए तो फिर इस महाशक्ति को सिर्फ एक ही शक्ति रोक सकती है।

"नागराज की शक्ति"

"पर नागराज तो शायद अब इस दुनिया में रहा ही नहीं।"

ये...ये मैं कहां आ गया हूं। और ये हो क्या रहा है? मेरे दिमाग में अजीब सी खलबली क्यों हो रही है!!

ओह! सब कुछ अपने आप समझ में आ रहा है। फ्रीक्वेंसी एनालाइजर और ब्लैक होल के तीव्र गुरुत्व के मैच होने के कारण सभी नागराज मेरे शरीर में समा गए हैं। इस वक्त मेरे शरीर में असंख्य फ्रीक्वेंसी मौजूद हैं। और उनमें से एक फ्रीक्वेंसी मेटल नागराज की भी है और उसकी अपनी पृथ्वी की सुरक्षा करने की तीव्र चाहत मुझे यहां खींच लाई है।

अब जब तक मैं ये काम पूरा नहीं कर लेता तब तक मैं वापस अपनी पृथ्वी पर नहीं जा सकता!

नागराज विवश था-

और ब्लैक होल का सुरसा जैसा मुंह पृथ्वी को निगलने के लिए और बड़ा होता जा रहा था!

चाल उल्टी पड़ रही है। मेरी शक्ति तो सीमित है पर ये जैसे-जैसे द्रव्य को लीलता जा रहा है, इसकी शक्ति बढ़ रही है।

हम इसको सिर्फ धीमा कर सकते हैं। रोक नहीं सकते।

तो क्या ऐसा कोई भी नहीं है जो हमें बचा सके?

"ध्रुव कहां पर है? वह सामने क्यों नहीं आ रहा है?"

हमारा काम हो गया है ताशा! अब तुम जहां चाहे वहां जा सकती हो! जिसको जो चाहे बता सकती हो!

पर तुम जाओगी कहां? तुम्हारा एक मात्र सहारा ध्रुव तो तुमको अकेला छोड़कर मौत के मुंह में कूद गया!

वैसे मेरे दिमाग में एक ऐसी जगह है जहां से तुम कूदोगी...

...सीधा जाओगी अपने ध्रुव के पास!!

और वह जगह है...

226 वी मंजिली ये खिड़की!

बाय, ताशा! ध्रुव से मेरी हाय कहना!

व्हाट द...?

क्या हुआ?

मैंने ताशा को नीचे गिराया था... पर...

"पर क्या हुआ?"

"नीचे देखो।"

"अरे! ये...ये..कौन हो सकता है। इस पृथ्वी पर ऐसा कौन सा रक्षक या भक्षक पैदा हो गया जिसके बारे में मैं नहीं जानता? अभी इसके फ्रीक्वेंसी प्रिंट से पता करता हूं कि ये कौन हो सकते हैं।"

"जल्दी करो। वे दूर जा रहे हैं।"

"डैम इट! ये...ये क्या हो रहा है? शायद मेरा गैजेट काम नहीं कर रहा है।"

"पर हुआ क्या मैग्नम?"

"इनकी फ्रीक्वेंसी को मैं पकड़ नहीं पा रहा हूं। ऐसे...जैसे कि..."

"इनकी कोई फ्रीक्वेंसी है ही नहीं।"

"ये तो असंभव है मैग्नम।"

"फिलहाल ये असंभव ही सच लगता है! इस नए खतरे पर ध्यान देना पड़ेगा।"

क...कौन हो तुम लोग?

मुझे मरने से क्यों बचाया?

हम चाहते हैं कि तुम दुनिया को बताओ कि मैग्नम के पीछे तुम्हारे पिता रोबो का हाथ है। ध्रुव के नाम पर जो कलंक लग रहा है, उसे धो डालो।

ताकि जब तुम्हारा ध्रुव वापस आए और वो अपराधियों की आंखों में आंखें डालकर देखे तो वे फिर से थरथर कांपे।

ध्रुव जिंदा है।...पर वह तो...।

ध्रुव जिंदा है। ...पर वह दुनिया के सामने तभी आ पाएगा जब तुम उसके माथे का कलंक मिटा दोगी!

पर कैसे?

इस न्यूज चैनल के स्टूडियो में जाकर बयान दे डालो।

मैं समझ गई!

क्या लगता है। यह तरीका काम करेगा।

सच्चाई हमको पता है। पर इस लड़ाई को शारिरिक स्तर पर नहीं, मनोवैज्ञानिक स्तर पर ही जीता जा सकता है।

अब हमें अपना नया मोर्चा खोलना है।

घटनाचक्र तेजी से घूमना शुरू हो गया था।

मैग्नम! डैड!! ताशा...हफ्! ताशा प्रेस कांफ्रेंस कर रही है।

वह नालायक लड़की जो बकती है बकने दो! ज्यादा से ज्यादा वह यही बताएगी न कि...

ध्रुव अभी जिंदा है।

ये...ये क्या बकवास है? सब जानते हैं कि ध्रुव मर गया!

पर उसकी बॉडी कहां है? अगर उसको मारने का प्लान बनाना ही था तो ऐसा बनाते कि कम से कम बॉडी तो मिल जाती!

मामूली समस्या पर इतना ओवर रिएक्ट मत करो!

फिलहाल यहां की समस्या ज्यादा गंभीर है।

नागराज अभी तक जिंदा है।

कौन सा नागराज?

प्राचीन नगरी के आयाम वाला नागराज!

उसी के कारण तो शॉर्ट सर्किट हो रहा था फिर उसके मरे बगैर मैचिंग पूरी कैसे हो गई?

पता नहीं! और ये पता करने का समय भी नहीं है।

पर दिक्कत क्या है। अब तो हर आयाम की फ्रीक्वेंसी हमारे कमांड में है।

एक बटन दबाओ और उस नागराज की फ्रीवेंक्सी को डिलीट कर दो।

मैं कोशिश कर चुका हूं। पर इस वक्त उसके शरीर में असंख्य फ्रीक्वेंसी सिग्नल मिल रहे हैं। उनमें से कौन सी डिलीट करूं? सारी की सारी तो नहीं कर सकता न! शायद उसके शरीर में बाकी सारे नागराज समा गए हैं। खैर, मैं बेकार ही घबरा रहा हूं। अब वह हमारे लिए कम से कम खतरा तो नहीं बन सकता!

"और इस वक्त वह एक अंजान स्थान पर अंजान शत्रु के सामने है। वह वहां से वापस नहीं आएगा।"

"आएगा भी तो जाएगा कहां। तब तक उसकी पृथ्वी को तो ब्लैक होल निगल चुका होगा।"

मुझे जानकारी मिल रही है। ये कीको है। ये यहां के निवासियों के लिक्विड मेटल के शरीर को और उनके घरों को अपनी अद्भुत डिके शक्ति से गला देता है।

और किसी को भी इसकी किसी कमजोरी का पता...

नागराज!! बड़ी देर से ढूंढ रहा था तुझे! पिछली बार तूने मुझे इनर्ट गैसों के वैक्यूम बबल में कैद कर दिया था! पर इस बार ऐसा नहीं होगा!

इस बार तू... अरे! ये तुझे क्या हो गया है। तेरा शरीर इतना गुदगुदा कैसे हो गया है।

समझा! तू जानता है कि मैंने अपनी योजना तेरे कड़े शरीर को ध्यान में रखकर बनाई होगी! इसीलिए तू गुदगुदा हो गया ताकि मेरे वार टकराकर पलट जाएं!

पर कीको इस बार पूरी तैयारी के साथ आया है!!

ड्रिल का प्रयोग करना मुझे भी आता है कीको!

आऽऽ! ऊऽऽऽ। ईऽऽऽ! मार डाला रे!

यही सुनना चाहता था न तू? सुन लिया।

अब ये आवाजें सुन! ये टनों भारी टुकड़े तेरे गुदगुदे बदन से टकराकर वापस नहीं उछलेंगे!

अब भुगत अपने शरीर को गुदगुदा बनाने का परिणाम!

नागराज पर इस पूरे ग्रह का सारा मेटल भी गिरा देगा तो भी दबा नहीं पाएगा!

पर इसका अंत कैसे करूं? अब तो इसके अद्भुत ठंडे बादल मेरे शरीर पर भी दुष्प्रभाव छोड़ रहे हैं।

सबसे पहले तो इन बादलों को अपने विष बादलो से घेरता हूं। ताकि ये किसी चीज के संपर्क में ही न आ पाएं!
न संपर्क होगा और न ही कोई भी चीज गलेगी।
पर जो बादल नागराज के शरीर को नहीं बख्श रहे थे...
वे भला उसके विष को कैसे बख्श देते!!
विष न कभी मुझे रोक पाया है और न कभी रोक पाएगा, नागराज!
यहां पर अगर कुछ रुकेगी....
तो सिर्फ तेरी धड़कन! तू चाहे कड़ा हो चाहे गुदगुदा आज मैं तेरे शरीर को तोड़कर ही रहूंगा।
आऽऽऽह! अब तो पहले ये समझना पड़ेगा कि आखिर इसके हथियार की काट क्या है!
ओ! बादल का इससे स्पर्श होते ही इस पर जंग सा लगने लगा है।
मैं समझ गया!

उसे जला दो!
ये ऑक्सीजन के बादलों का प्रयोग कर रहा है जो लगभग हर चीज को ऑक्सिडाइज करके उसको क्षय करने की क्षमता रखते हैं। इस पृथ्वी के वातावरण में ऑक्सीजन ही नहीं है!!
अब मैं इस पर ध्यान दे रहा हूं तो मुझे जानकारी मिल रही है कि इस पृथ्वी पर लिविंग मेटल के द्वारा जीवन की शुरुआत ही इसलिए हुई क्योंकि यहां पर ऑक्सीजन खत्म हो रही थी।
आज इस पृथ्वी के वासी ऑक्सीजन के बारे में जानते ही नहीं है। इसीलिए अब तक इससे निपटने का रास्ता भी नहीं तलाश पाए! वर्ना ऑक्सीजन को खत्म करने का तो एक सीधा सा तरीका है...
मैं भी अगर इस वातावरण में बिना ऑक्सीजन के सांस ले पा रहा हूं तो शायद इसलिए क्योंकि यहां वाला नागराज मेरे शरीर में समाया हुआ है!! और...अरे!
ये क्या?
क्योंकि मैं अपनी एक्टिव ऑक्सीजन को अपनी खास मेटल गैस के कवच में घेर कर रखता हूं। और तेरे पिलपिले नाग उस मेटल गैस को भेद नहीं सकते।
ध्वंसक सर्प, ऑक्सीजन में आग नहीं लगा पाए!!
तू बच गया नागराज!! लगता है तू इस बार ज्यादा सयाना हो गया है। तूने मेरी कमजोरी ढूंढ ली है।
पर तू मेरी कमजोरी का फायदा नहीं उठा पाएगा!
सिर्फ मेटल सर्प उस कवच को भेद सकते हैं! पर उनको मेरी एक्टिव ऑक्सीजन पहुंचते ही गला डालेगी।

जैसे कि अभी तू गल रहा है। सिर्फ एक मिनट बाद मेरी गैसेज़ तेरे कंकाल को गला रही होंगी।
तू तो ज्योतिषी बनने के काबिल भी नहीं है कीको।
क्योंकि तेरी भविष्यवाणी गलत सिद्ध होने वाली है!
तो ये दो टके के मेटल सर्प मुझे गलत सिद्ध करेंगे! अरे ये तो मेरे एक्टिव ऑक्सीजन क्लाउड की हद में प्रवेश करते ही गल जाएंगे।
तेरी ये भविष्यवाणी जरूर सच होगी कीको!
मेटल स्नेक के अंदर ध्वंसक सर्प!!
"क्योंकि जब ये सच होगी"
तभी तेरी पहली भविष्यवाणी गलत सिद्ध होगी।
इसकी ऑक्सीजन तक ध्वंसक सर्पों को पहुंचाने का यही एक तरीका था!
मेटल सर्पों ने मेटल तोड़ने का काम किया और ध्वंसक सर्पों ने आग लगाने का!
मेरी और मेटल नागराज की शक्तियों ने मिलकर कीको नाम के खतरे को नष्ट कर दिया है। अब चूंकि यहां का खतरा टल गया है इसीलिए शायद अब मैं वापस जा रहा हूं।
नागराज वापस रवाना हो चुका था।

और ब्लैक होल का खतरा और बढ़ गया था!

ओफ्! मुझे इसके इतना ज्यादा शक्तिशाली हो जाने की उम्मीद नहीं थी। मुझे वापस जाकर कुछ नए तिलिस्मी यंत्र लाने होंगे। पर जाऊं कैसे?

इसकी जबरदस्त गुरुत्व शक्ति हमको और पास खींच रही है।

दादाजी!! संभलिए! यान को पीछे कीजिए! जल्दी!!

पर न तो ब्लैक होल के बढ़ने की गति को मात देना संभव था, और न ही उसके गुरुत्व बल को।

सभी जुझारू योद्धा बगैर किसी प्रतिरोध के ब्लैक होल में समा गए।

हमारी पृथ्वी पर मौजूद अंतिम सुरक्षा कवच भी ढह गया था।

पर पृथ्वी को बचाने की लड़ाई...

दूसरे मोर्चों पर भी लड़ी जा रही थी।

वैसे तो ये डाटा रिकार्ड मेरे कंप्यूटर में हैं, पर आप अठारह साल पुराने रिकॉर्ड की बात कर रहे हैं। आप लोग क्या मीडिया से हैं?

जी नहीं!

तो फिर मीडिया वालों के पास जाओ। वे हमारे सारे रिकॉर्ड देख चुके हैं। उनके पास राजन मेहरा के मृत बच्चे, बीवी की फोटो और पूरे डॉक्युमेंट्स हैं!

हम कुछ और देखना चाहते हैं।

कुछ और क्या! कुछ और है ही नहीं बताने को!

है न! हम सिर्फ एक तथ्य जानना चाहते हैं...

...कि जिस दिन राजन मेहरा की पहली पत्नी के मृत बच्चा पैदा हुआ, उस दिन हॉस्पिटल में और कोई मृत बच्चा पैदा हुआ था या नहीं।

मैं मर के पैदा हुए का तो नहीं, पर पैदा होकर मरने वालों का हिसाब जरूर रखता हूं।

इस जलेबी जैसे डायलॉग का मतलब?

ये जलेबी आप लोगों को...

...ये खिलाएंगे! मिस्टर फांसियर और इनके चंद शूटर्स!

आप लोग क्यों अपनी ऊंगलियों को कष्ट दे रहे हैं। हमको छोटी सी जानकारी दे दो।

हम चले जाएंगे। वैसे भी बंदूकें हम पर काम नहीं करेंगी।

ये बंदूकें नहीं है, फ्रीक्वेंसी डिस्रप्टर हैं!

और इस कमरे में चारों तरफ ब्रॉड बैंड फ्रीक्वेंसी जैमर लगे हुए हैं।

यहां से अगर तुम लोग जिंदा बाहर गए तो सिर्फ एक जगह पर जाओगे! ग्रेट मैग्नम के पास!

हाहाहाहा!!

हाहाहाहाहा!!

तुम लोग हंस क्यों रहे हो?

बहुत ज्यादा डरने पर ऐसा होता है। हंस लेने दो बेचारों को।

अरे! मैं तो अंधेरे का तीर निशाने पर लगने पर खुश हो रहा हूं...

अभी तक तो मुझे सिर्फ शक था! पर मैग्नम के टांग अड़ाने से उसका इस मामले से संबंध स्पष्ट हो गया है...

ध्रुव...और...और...

चंडिका भी!! मैंने तो सुना था कि ये दोनों ब्लैक होल में गायब हो गए थे!

हमने भी यही समझा था कि हमारा अंत आ गया। पर ब्लैक होल ने हमको इस रूप में ट्रांसफॉर्म करके यहां भेज दिया! और इस आयाम के बारे में नागराज से इतना कुछ सुन चुका था कि मुझे असली माजरा समझते देर नहीं लगी।

अब हमको अपनी पृथ्वी को बचाना है। और उसके लिए हमको उस छोटी सी जानकारी की जरूरत है। अब तक न जाने वह बढ़ता ब्लैक होल पृथ्वी को कितना निगल चुका होगा।

तू उस छोटी सी जानकारी से ब्लैक होल को रोक लेगा!! वह ब्लैक होल जो पृथ्वी जैसे ग्रहों को तो चबाता तक नहीं है!!
आऽऽऽह! ये किरणे जैसे मेरी हर मांसपेशी को तोड़ रही हैं।
मेरी भी।
ये फ्रीक्वेंसी जैमर के कारण हो रहा है!
उसके कारण हमारे शरीर इस फ्रीक्वेंसी के प्रतिरोधक बल को डेवलप नहीं कर पा रहे हैं।
जैमर को ढूंढ़कर नष्ट करना जरूरी है।
तो फिर हमें यहां पर भी मनोवैज्ञानिक लड़ाई लड़नी होगी।
समझ गई! दिमाग चाहे तो शरीर को कुछ भी सहने योग्य बना सकता है। चाहे वह शरीर मैटल का हो या बिना फ्रीक्वेंसी का!
हा हा
हा हा
हीहीही! बंद भी कर यार! अब हाहाहाहा गुदगुदी हो रही है।
ये हंसा...हंसा कर मार डालेंगी हीहीहीही!
ये...ये कैसे हो सकता है। ये असंभव है। जरूर फ्रीक्वेंसी जैमर काम नहीं कर रहा है।
सबसे पहले यह मेन यूनिट ही खराब होती है। फिर इससे जुड़े वे दर्जनों छोटे जैमर!! पर...ये तो फर्स्ट क्लास काम कर रहा है!
बस! अभी तक!

अब ये काम नहीं करेगा!

अरे! पर तू तो...

वह नाटक था। ताकि तुम वही समझो जो तुमने समझा! ये तो सिर्फ ध्रुव का कमाल है जो इतनी पीड़ा, इतना दर्द सहकर भी ऐसा दिखा रहा था जैसे उसे मजा आ रहा हो!

जैसे अब मुझे आ रहा है।

कड़ाक

और अब तुझे आएगा!

आ रहा है न!

आऽऽऽह! मुझे मत मारो। मुझे बुखार है, बी.पी. है दो बार हार्ट अटैक आ चुका है।

तेरा तीसरा हार्ट अटैक मैं हूं। बता कितने मरे बच्चे पैदा हुए थे उस वक्त?

सिर्फ एक!!

उसका डाटा दिखा! खोल उसकी फाईल!!

काम हो गया चंडिका?

हो गया!!

डाटा मिल गया?

डाटा का बाप मिल गया। मैंने बैकअप छोड़ कर हार्ड डिस्क ही निकाल ली। ताकि ये इसमें हेर-फेर ही न कर सके।

गुड! तो फिर हमारा अगला पड़ाव कहां है?

टर्निप रोड! ढूढ़ने में जरा समय लग सकता है।

वही तो नहीं है हमारे पास!

ध्रुव की पृथ्वी के पास सचमुच समय नहीं था!
पर उम्मीदें अभी खत्म नहीं हुई थीं।

नागराज बस आने ही वाला था।
आह! आखिरकार मैं अपनी पृथ्वी पर आ ही गया।
सब कुछ शांत है। शायद खतरा टल गया है! पर वहां दूर आसमान पर कैसे बादल नजर आ रहे हैं।

ये तो बादल नहीं चट्टाने हैं।
उड़ती चट्टानें।

और ये उस शहर पर बरसने वाली हैं।
अरे! मेरा... मेरा रूप फिर से बदल गया है।
फिर से मानसिक संदेश मिल रहा है। ये मेरे शरीर मे मौजूद एक अन्य नागराज की पृथ्वी है। और अब मुझे इसके निवासियों को बट्टान से बचाना है।

नागराज! नागराज आ गया!! वाह!!
बट्टान ऐसा कर कैसे पाता है, यह किसी को पता नहीं। और कहां बैठकर ऐसा करता है यह भी अब तक एक रहस्य ही है?
अब मुझे इससे निपटना पड़ेगा! पर ऐसे ही अगर मैं असंख्य नागराजों की मुश्किलें सुलझाता रहा तो मेरी पृथ्वी का क्या होगा?
नागराज एक अद्भुत जाल में फंस गया था।

और इस जाल से जल्दी बाहर निकलने का उसके पास सिर्फ एक ही रास्ता था।

इस मुसीबत को जल्द से जल्द दूर करना!

अब सबसे पहले इन चट्टानों के उड़ने का रहस्य जानना होगा!

ओह! जैसे-जैसे मैं चट्टानों के बादल के अंदर जा रहा हूं, मेरा शरीर हल्का होता जा रहा है। जैसे मैं अंतरिक्ष में तैर रहा हूं।

ओह! यह क्या है। ये तो किसी किस्म की एंटी ग्रेविटी रेज लगती हैं जो इस यंत्र से निकल रही हैं। तो ये है बट्टान का राज!

ओह! नागराज ने तो चट्टान में नागों का जेट इंजन लगा दिया। अब ये चट्टानें चाहे बट्टान गिराए पर गिरने की जगह तय करेगा नागराज!

बट्टान कहीं दूर बैठकर इस एंटी ग्रेविटी डिवाइस को कंट्रोल कर रहा है।

वह जब चाहे तब किसी भी चट्टान का कनेक्शन काटकर उस चट्टान को नीचे गिरा देता है।

वेलकम नागराज! इस चट्टानी कब्रिस्तान में तुम्हारा स्वागत है!

बट्टान! कहां है तू? मर्द का बच्चा है तो सामने आकर धमकी दे!

नहीं आता! क्योंकि मैं तो औरत का बच्चा हूं। अपनी मां का! पर हां तेरी अंतयेष्टि में मैं जरूर आऊंगा। नाक पर मॉस्क लगाकर।

तू जलेगा तो धुंआ भी जहरीला निकलेगा।

अब ये चट्टानें तुझे यहीं ग्राइंडर की तरह पीस देंगी।

आSSSSह!

आSSS उम्मफ!

तड़पना बेकार है, नागराज। तू ब्रह्मांड की शक्तियों से नहीं जीत सकता!

नागराज का तड़पना सचमुच बेकार गया। चट्टानें आपस में एकाकार हो गईं।

क्योंकि पूरी शक्ति लगाने के बावजूद भी नागराज चट्टानों को रोक नहीं पाया!

और महानगर पर लाल रक्त टपकने लगा!

महानगर की सड़क ही नागराज की कब्र बन गई।

नागराज...मर गया!! असंभव!!

देखा नागराज!

हम वादा नहीं करते किसी से, पर करते हैं तो निभाते हैं।

ले आ गया मैं तेरे क्रिया कर्म में!!

काश, तेरे पास मेरी बात सुनने के लिए कान होते!

बोलो! पर चिल्लाना मत मैं फट जाऊंगा!!

तू...तू बच गया! मेरी चट्टान चक्की से बच गया! असंभव!!

पर...तू जिंदा है तो वह टपकता रक्त किसका था?

वह रक्त एक बेचारे छोटे अजगर का था जो जोश में चट्टानों को अपनी जकड़ से तोड़ने के लिए मेरे शरीर से बाहर आ गया था।

तू पर्वतों को भी चक्की के पाट बना ले फिर भी नागराज लोहे का चना ही साबित होगा बट्टान!

तुझमें...तुझमें इतनी शक्ति कहां से आ गई!

और अगर इतनी शक्ति आ गई है तेरे पास तो तूने मरने का नाटक क्यों किया?

तुझे अपने पास बुलाने के लिए! मेरे पास तुझे ढूंढने का समय नहीं था।

आऽऽऽह!

चल! अच्छा ही हुआ।

क्यों समय व्यर्थ कर रहा है बट्टान? जब तेरी भीमकाय चट्टानें मेरा कुछ बिगाड़ नहीं सकीं तो ये गोले मेरा क्या कर लेंगे?

जानता हूं! पर ये सिर्फ तेरा ध्यान बटाने के लिए हैं।

ताकि मैं ये कर सकूं!

आऽऽऽह! तू चट्टानों को तोड़कर रेत का तूफान उठा रहा है!

मैं इनको तोड़ तो नहीं सकता, पर तेरा ये रेतीला तूफान मेरी फूंक के आगे ठहर नहीं सकता!

ये रेत के मामूली कण नहीं हैं नागराज! ये सुपर चार्जड् कण हैं। ये तेरे बदन से ऐसे चिपक जाएंगे जैसे चुंबक से लोहे का बुरादा!!

ओफ्! सचमुच! ये मेरे शरीर से अलग नहीं हो रहे हैं। और अब ये मेरे नाक,कान और मुंह के रास्ते से मुंह के अंदर घुस रहे हैं।

और अगर ऐसा हो गया तो फिर इनसे पीछा छुड़ाना सच में मुश्किल हो जाएगा!

अब अपने प्लान पर काम शुरू करने में देर नहीं करनी चाहिए।

वह सफल होती नजर नहीं आ रही थी।

हाहाहा!! मजा आ...

पर नागराज की जो भी योजना थी...

...घया!! फाँप!!

आ गडबा।

आह!
टेस्टी था!
इतने दिनों में तू ये तक समझ नहीं पाया, नागराज कि तेरे सांप मेरे लिए नूडल्स से ज्यादा कुछ नहीं है।

और तू मेरे लिए की बोर्ड से ज्यादा कुछ नहीं है।

ये...ये तू मेरे कंट्रोल्स के साथ क्या कर रहा है?

इनको तोड़ रहा हूं। ताकि तू इनको दुबारा सेट करके...

...चट्टानों का बादल बनाने वाले उस एंटी ग्रेविटी बॉल को ठीक न कर ले, जो इस वक्त तेरे पेट में है।

मेरे पेट में!!
पर वह मेरे पेट में पहुंची कैसे??

उस सांप के पेट से जो तुझको स्वादिष्ट लग रहा था।

यही मेरा प्लान था। बस पहले थोड़ा सा पिटकर तेरा ध्यान बंटाना था।

अब तू तब तक किसी सेटेलाइट की तरह चक्कर काटता रहेगा जब तक तेरी एंटी ग्रेविटी बॉल की बैट्री फुंक नहीं जाती!

इस बार उम्मीद है कि मैं अपनी पृथ्वी पर वापस पहुंच जाऊंगा।

इस उम्मीद पर ही पृथ्वी की उम्मीद कायम थी!

पर ध्रुव ब्लैक होल को रोकने की लड़ाई एक दूसरे ही अनोखे स्तर पर लड़ रहा था।

तो उस दिन आपका बच्चा मृत पैदा हुआ था?

हां! और अस्पताल के दाहगृह में ही उसकी अंतयेष्टि कर दी गई!

हमको तो बस राख से भरी एक हंडिया थमा दी गई जो हमने नदी में प्रवाहित कर दी।

हुम! मेरे ख्याल से इन को धोखा दिया गया है। बच्चा दाहगृह में जाते ही दूसरे रास्ते से निकाल लिया गया होगा!

क्योंकि आमतौर पर हमारी पृथ्वी पर तो अस्पतालों में शवदाह नहीं किया जाता।

कहीं भी ऐसा नहीं होता।

अस्पतालों में दाह गृह तो बायोलॉजिकल वेस्ट जलाने के लिए होता है।

यानी इसमें अस्पताल की कोई चाल दिखती है। हम पहले से जानते हैं कि इसमें उनकी मिली भगत है।

अ...इनका हमारी पृथ्वी से क्या मतलब है? कहां से आए हो तुम लोग?

आपके पड़ोस से बाबा! बस आज तक मुलाकात नहीं हुई थी। धन्यवाद, बाबा!

अब किधर?

अब आखिरी पड़ाव...

"और उसके बाद हमारे पास होंगे सुबूत और तुम्हारे सामने होगा..."

मैग्नम!

मैग्नम!
ये तो ताशा की आवाज है!!
मैंने तो इसकी एंट्री पर सख्त बैन लगा दिया था। फिर मेरे गॉर्ड्स ने इसे अंदर कैसे घुसने दिया?
बहन है मेरी पापा! आने दो!
रोको उसे! वर्ना मेरा ध्यान भटकेगा! अभी मैं सभी आयामों की फाईनल ट्यूनिगं कर रहा हूं।
फाईनल ट्यूनिंग की जरूरत तो तुमको है मैग्नम!
डैड इसे बाहर करो!
पर अभी तो तू कह रही थी कि बहन है! आने दो!
मुझे इसका कांफीडेंस देख कर कुछ गड़बड़ लग रही है। अब शायद ये वह जानती है जो हम पहले से जानते हैं।
क्या बकवास कर रही है लड़की? अगर तू रोबो की बेटी न होती तो...
गार्ड्स! इसे बाहर निकालो!! तुरंत!
पहले...उम्म्फ...हम अंदर तो आएं! दरवाजे पर कोई अदृश्य फोर्स फील्ड है।
चिंता मत करो! मैं तुम्हारा ज्यादा वक्त नहीं लूंगी। वैसे भी मेरी पूरी बात सुनने के बाद तुम्हारे पास वक्त ही वक्त होगा।
क्लिन क्लिन
बोलो! पिछले एक घंटे में तुमको ऐसा क्या पता चल गया जो तुमको अब तक नहीं पता था।
वही जो तुमको अभी तक नहीं पता है।

हां, बोलो!... क्या?
कौन ले गया हार्ड डिस्क को?...... क...क...क्या?
और तुम्हें अभी होश आया है?
अच्छा सच में अभी होश में आए हो!
किसका फोन है?
फांसियर का! जिसको हॉस्पीटल के डायरेक्टर की निगरानी पर लगाया गया था।
डायरेक्टर के पास से सारी इंर्फोमेशन लीक हो गई है। और पता है उस इंर्फोमेशन को ले जाने वाले कौन थे?
कौन?

उम्ममफ्! मुम्ममफ्!
उम्म्फ्! उम्मफ!
घप

तो डैड ने तुमको बताया कि आई.जी.राजन ने ध्रुव को फिंकवा दिया और आई. जी. राजन कहते हैं वह बच्चा मरा पैदा हुआ था!
हॉस्पिटल रिकॉर्ड कहते हैं कि बच्चा था और मरा पैदा हुआ था पर वह बच्चा किसी और का था।
उसको आई.जी.राजन. की मृत पत्नी के पास रखने वाला शख्स आई.जी.राजन नहीं था।
वह कोई और था।
ओ! कहानी में ट्विस्ट!! कौन था वह?
वह रोबो था। वह शख्स जिसने तुमको बताया कि यह काम राजन मेहरा का था।
पर...रोबो ने ऐसा क्यों किया?
क्योंकि रोबो राजन मेहरा से बदला लेना चाहता था
राजन मेहरा जैसा पुलिस ऑफिसर उसकी राह में रोड़ा था। उसके रहते रोबो महानगर में अपना साम्राज्य नहीं बना पा रहा था।

इसीलिए माई डियर डैड रोबो ने राजन मेहरा पर मनोवैज्ञानिक वार किया। राजन मेहरा शोक के कारण कुछ दिनों के लिए उतने सक्रिय नहीं रह सके और रोबो को अपना साम्राज्य स्थापित करने का मौका मिल गया।

अभी तक रोबो को भी यह पता नहीं था कि उसने आई.जी. राजन. के जिस बच्चे को जंगल में फेंका था वह बच गया था और उस वक्त तक राधा श्याम का बेटा ध्रुव बन चुका था।

समय बीता और राजन मेहरा के बजाय ध्रुव रोबो के गले में अटकी हड्डी बन गया।

अब रोबो को ध्रुव को ठिकाने लगाना था। और रोबो दि डैड का एक खास स्टाईल है। वो अपने शिकार पर मनोवैज्ञानिक वार करना ज्यादा पसंद करता है।

उसने अपने आदमियों से ध्रुव की भी जन्म पत्री निकलवाई और तब उसे पता चला कि यह तो उसी के बीज से उगा है।

एक मिनट ताशा! ध्रुव की कहानी तुम मुझे क्यों सुना रही हो।

क्योंकि ध्रुव को इस जानकारी ने मारा है कि उसके पैदा होते ही उसके अपने बाप ने उसे धोखा दिया।

और इस कारण उसका दुनिया समाज और अपनों पर से विश्वास उठ गया! एक धोखे ने, एक धोखे से, एक धोखे को पैदा किया!

मैग्नम के एक झूठ ने ध्रुव को मारा है।

और अब एक सच जिंदा करेगा...

शिट!!

ध्रुव को!!

तो...तुम यह सच्चाई जान ही गई! तो एक सच्चाई और जान लो!

जिस समाज को मैं हमेशा बचाता आया उसी ने अपना घिनौना रूप मुझे दिखा दिया।

जिस समाज को मैं बचा रहा था, उस दोगले समाज को तो दंड मिलना चाहिए था!

और वही मैंने उसे दिया मैग्नम बनकर। पर तुमको ये कपोल कथा बताई किसने?

बताई नहीं। दिखाई, सुनाई...

और समझाई भी!

सुबूत चाहिए तो हॉस्पिटल रिकार्ड्स की हार्ड डिस्क हमारे पास है।

सुबूत! अब ये तो सभी जानते हैं कि वह बच्चा मैं नहीं था! इसका क्या सुबूत है कि मुझे राजन मेहरा ने खुद ही जंगल में नहीं फेंका था।

ठीक है!! मैं अब ऐसा गवाह पेश करूंगा जो कभी झूठ नहीं बोलता। बोल सकता ही नहीं।

ऐसा कौन सा गवाह है?

(सीटी)

ये है मेरा गवाह! गजराज! बड़ी मुश्किल से कई जानवरों से पूछते पूछते मैं इन तक पहुंचा हूं। ये उसे वक्त वहीं पर थे जिस वक्त तुम्हें जंगलों में फेंका जा रहा था। और जानवर झूठ नहीं बोलते!

सच में! अभी पूछता हूं कि मुझे फेंकने वाला कौन था।

चिंचाऽऽऽअअ।

चिचांऊऊममम!

रोबो!

तो तुम थे मुझे जंगल में फेंकने वाले। अगर मैं तुम्हारी बातों में आकर प्रतिशोध में अंधा न हो गया होता तो ये तरीका तो मैं खुद ही बहुत पहले सोच लेता।

मैंने...सब खुद मटिया मेट कर दिया!

अभी भी सब कुछ सुधर सकता है ध्रुव!! बस, तुम अपने आप को संभालो तो!!

ऐ बहन! अपने जीजा जी को क्या पट्टी पढ़ा रही है।

इसको नहीं पर तुमको एक बात जरूर समझानी है...

...छोटी बहन के पति को जीजा नहीं कहते!

गार्ड्स!!

कोई फायदा नहीं!

अब हम चार हैं।
और साथ में गजराज भी हैं।

देखा, चंडिका! जो काम लड़ाई से नहीं हो सकता था, वह ध्रुव को सही रास्ता दिखाने से हो गया!
तुम्हारा प्लान हमेशा परफेक्ट होता है भाई!
...भाई!?
श्वेता के! पूरी बात सुनने की आदत डालो!!

बस सारे कंट्रोल रिसेट हो गए! अब सिर्फ RESTORE का बटन दबाना बाकी है।
ये दबा बटन और RESTORE हो गया!

ये...ये क्या? मेरा पासवर्ड काम क्यों नहीं कर रहा है।
ACCESS DENIED

क्योंकि मैंने उनको ओवर राइड करके अपने नए कोड लगा दिए हैं।
पर...तुमने पासवर्ड कैसे जाना?

रोबो के लिए यह बच्चों का खेल है।

अब इस ब्रह्मांड का मालिक भी मैं हूं...
और तेरा भी!
आस्तीन के सांप वाली कहावत पर मैं शुरु से यकीन करता हूं।

तुम्हारे नए पासवर्ड डालते ही वह वायरस प्रोग्राम एक्टीवेट हो गया है जिसे मैंने पहले से ही इस पूरे सिस्टम में लोड कर रखा था।

ये वायरस, इस सिस्टम से कनेक्टेड हर सिस्टम का डाटा खत्म कर देगा।
और ऐसा करने में ये सिर्फ दो मिनट का समय लेगा।

मैं मंजिल के इतनी करीब आकर हार नहीं सकता!
तुमको इस वायरस को डिलीट करना होगा, ध्रुव!
मैं यह वायरस किसी भी कीमत पर डिलीट नहीं करूंगा।
तो मैं तुम्हारी सबसे प्रिय चीज को डिलीट करूंगा! इस महानगर को!!!
मेरा सिस्टम अभी भी एक्टीवेट है। इसका सुबूत चाहिए तो ये देखो
ओह! गजराज डिलीट हो गया!!
अब तुम्हारे पास सिर्फ तीन सेकेंड हैं।
एक....

...दो...

ती...

बस! मैं जानता हूं कि तुम जैसा कमीना जो कह रहा है वह कर भी सकता है। लो! मैंने वायरस को डिलीट कर दिया!!

शाबाश! शाबाश!!

अब मैं सबसे पहले अपनी जिंदगी के वायरस को डिलीट करूंगा।

तुमको, ध्रुव!

ध्रुव की योजना सफल होकर भी असफल हो गई थी-

और अब उसकी पृथ्वी पर मानवता के विनाश की शुरुआत महानगर के तट से शुरू होनी तय थी।

क्योंकि नागराज एक ऐसे चक्र में फंसा हुआ था जहां से उसके जल्दी वापस आने की उम्मीद नहीं थी।

ओ! एक और पृथ्वी!

और यहां पर टेरोकीट का हमला हो रहा है जो जमीन की उपजाऊ मिट्टी को खा जाते हैं।

और अभी ये इनके हमले की शुरुआत है। मैं यहां पर भी सही वक्त पर पहुंचा हूं। यानी...अरे! अब मैं समझा!!!

नागराज का समय पर वापस पहुंच पाना उतना ही असंभव था।

जितना कि 'मैग्नम ध्रुव' का बच पाना या ध्रुव-चंडिका का वापस अपनी पृथ्वी पर आ पाना।

तुमने, मैग्नम को मार कर अच्छा नहीं किया, ध्रुव! अब अगर नताशा को मैग्नम नहीं मिला तो ताशा को ध्रुव भी नहीं मिलेगा।

ध्रुव की फ्रीक्वेंसी बदलने से पहले तुमको मेरी जान लेनी होगी

माई गॉड!

आह! इमोशनल डॉयलाग से बड़ा फायदा होता है चंडिका?

फायदा? टाइम वेस्ट होता है!

वेस्ट नहीं होता, मिलता है!! ताकि हम...

"बाजी को पलट सकें!"

डैड! ये लोग भाग रहे हैं! पर भागकर जाएंगे कहां? कोई भी वस्तु खुद छुप सकती है पर अपनी फ्रीक्वेंसी को नहीं छुपा सकती।

आऊSSS!

उसकी फ्रीक्वेंसी मैच करने में समय लगेगा। पर मेरे पास एक दूसरा तरीका है।

ध्रुव की फ्रीक्वेंसी को अभी मैग्नम की पोशाक प्रोटेक्ट कर रही है!

"मैं दूसरे ध्रुव और उस चंडिका की फ्रीक्वेंसीज को आराम से पकड़ सकता हूं।"

"और उनको वापस वहीं पर भेज सकता हूं जहां से वे आए हैं।"

"उस मौत की गार में जिसे ब्लैक होल निगल रहा है।"

ये...ये क्या हो रहा है, चंडिका!!

"और इनका साथ छूटते ही ध्रुव और ताशा भी कमजोर पड़ जाएंगे।"

कोई फोर्स हमें खींच रही है! और हमको खींचने वाली फोर्स सिर्फ एक ही हो सकती है!

"ब्लैक होल की फोर्स!"

ओह! समझा! पहले इस ब्लैक होल का कनेक्शन पुरानी नगरी के साथ-साथ उस दूसरे आयाम वाली पृथ्वी से भी जुड़ा था और हम कंड्यूट से होकर वहां जा निकले थे!!

पर अब ब्लैक होल इतना बड़ा और शक्तिशाली हो गया है कि उसके ऐसे सारे कंड्यूट सील हो चुके हैं।

पर...अब समझने का क्या फायदा? हम इस ब्लैक होल की महाशक्तिशाली शक्ति से जीत नहीं सकते!

हमारा अंत ऐसे होगा, यह तो कभी सोचा ही नहीं था! आऽऽऽह!

इस महाशक्ति से तो सिर्फ एक ही महाशक्ति लड़ सकती है...

नागराज की नागशक्ति!!

पर वह अगर ऐसा कर सकता तो अब तक कर चुका होता आखिर कहां पर है...

नागराज?

अरे! हम पर बढ़ता दबाव कम हो रहा है। हमारी फ्रीक्वेंसी नार्मल हो रही है यानि ब्लैक होल कमजोर पड़ रहा है!

इसका मतलब ब्लैक होल को चुनौती दे डाली है...

"नागराज ने!"

नागराज! तुम बिल्कुल हिन्दी फिल्मों के हीरो की तरह आए हो!! तुम थे कहां? बाकी नागराजों से लड़ने में व्यस्त हो गए थे?

वे तो न जाने कैसे, मेरे शरीर में समा गए थे! फिर मुझे उनमें से हर एक के आयाम में जाकर उसकी परेशानियां उनके ही रूप में सुलझानी पड़ी! न जाने ऐसी कितनी पृथ्वियों से होता हुआ मैं यहां पर आ सका हूं।

पर...इतनी पृथ्वियों पर जाकर उनकी समस्या सुलझाने में तो समय भी अनंत लगना चाहिए! उसके अनुसार तो तुम कुछ ही देर में वापस आ गए।

पहले तो मुझे भी यही चिंता खा रही थी! लेकिन दो तीन मुसीबतें हल करने के बाद मैंने ध्यान दिया कि मैं हर पृथ्वी पर उसी वक्त पर पहुंच रहा हूं जिस वक्त पर वहां का नागराज वहां से चला था!

स्पष्ट था कि हर आयाम पर या तो समय अलग-अलग था या मेरे लिए समय रुक गया था!

यह समझते ही मेरी यह चिंता दूर हो गई कि मैं अपनी पृथ्वी पर सही समय में पहुंच पाऊंगा या नहीं।

पर तुम लोग यहां कैसे आ गए?

लम्बी कहानी है। फिर कभी सुनना!

यहां पर मेरे आते ही इस ब्लैक होल ने एक बड़ी गलती की।
मुझे अपने अंदर खींच लिया! और तब मुझे आभास हुआ कि ब्लैक होल का बढ़ाव बाहर से नहीं अंदर से रोका जा सकता है!!
तुमने सही सोचा नागराज! जरा हम भी तो देखें कि ब्लैक होल उस ठोस नागराज को कैसे दबा सकता है जिसके अंदर असंख्य नागराज हैं और उनमें से हर नागराज के शरीर में असंख्य सर्प हैं।
नहीं ध्रुव! मैं फिलहाल अपनी शक्ति तुम लोगों को बचाने में व्यर्थ नहीं कर सकता! मैं इस ब्लैक होल को अंदर से बाहर प्रेस कर रहा हूं। इससे कंड्यूटस पैदा होंगे।
तुम दोनो ऐसे किसी भी कंड्यूट से होकर ब्लैक होल से बाहर निकल सकते हो!! पर जरा संभल कर!
"पता नहीं कौन सा कंड्यूट तुम लोगों को कहां पर निकाल दे!!"
ध्रुव और चंडिका सुरक्षा की तरफ बढ़ रहे थे
और नागराज खतरे की तरफ!
मुझे अगर सचमुच ब्लैक होल को अंदर से फाड़कर नष्ट करना है। तो मुझे इसके केंद्र तक जाना पड़ेगा!
मैं अभी ब्लैक होल की बाहरी सतहों पर हूं।
पर जैसे-जैसे मैं इसके केंद्र की तरफ बढ़ रहा हूं, दबाव असहनीय होता जा रहा है।
आऽऽऽह! मैं शायद केंद्र तक पहुंच गया हूं। क्योंकि अब दबाव असहनीय हो गया है!
हाऽऽऽह! भयंकर दबाव मुझको संकुचित तो नहीं कर पा रहा है, परंतु मैं यहां पर अपने हाथ तक नहीं हिला पा रहा हूं!
पर अरे! ये...ये क्या है?
मैं भी ये जानना चाहता हूं कि तू क्या है?

जो शक्ति सूर्य जैसे महाविशाल गोले को भी खींच कर मटर का दाना बना देती है उसके सामने तू सीना तान कर कैसे खड़ा है। कौन है तू?

नागराज! और नागराज को दो ही चीजें दबा सकती हैं। ईश्वर या प्यार!

कोई विनाशकारी शक्ति नहीं।

ईश्वर को तो मैं जानता नहीं क्योंकि कभी देखा नहीं।

और न ही प्यार जैसी चीज का नाम सुना है।

मैं सिर्फ एक ही चीज जानता हूं! हजम करना!! अणुओं के बीच में छिपी नाभिकीय ऊर्जा की भूख है मुझे। उसको खाकर मैं अणुओं को पिचका देता हूं।

पर...तुम हो कौन?

ब्लैक होल। वही जो तेरे चारों तरफ फैला हुआ है! और वही जो अब हमेशा के लिए तुझे अपने में घोलकर पी जाएगा।

नागराज को हजम करना इतना आसान नहीं है।

नागराज तेरी इस काली खाल को फाड़कर रख देगा! बचना चाहता है तो समेट अपने आपको और भाग ले।

भाग ले? अरे मैं आया कहां हूं बुलाया गया हूं। मेहमान के साथ कोई ऐसा बर्ताव करता है क्या?

तुझे बुलाया किसी और ने था पर तू घुस आया है हमारे घर में!

और मैं तुझको चेतावनी दे चुका हूं। अब तेरा जो भी हश्र हो मैं उसका जिम्मेदार नहीं हूं।

तू जब रहेगा ही नहीं तो जिम्मेदार कैसे होगा! वैसे ये घूंसे तो काफी ठोस थे!

मेरी उम्मीद से कई गुना ज्यादा एनर्जी थी इनमें।

जब चखने वाला माल ऐसा था तो तुझे खाकर तो मेरे पेट में एक पूरी आकाश गंगा जितनी ऊर्जा भर जाएगी! मजा आ जाएगा!

नागराज को हजम कर पाना तेरे बस की बात नहीं ब्लैक होल!

सांप! तू शरीर से सांप छोडता है। तेरे सांप बड़े ठोस हैं। पर देख...

ब्लैक होल से ये भी नहीं बच सके!

तू लोहे का चना है।
तुझे चबाने में जरा टाईम तो लगेगा पर जल्दी किसे है।
तुझको तो मैं मजे लेकर खाऊंगा।
आSSSह! इसका दबाव तो असहनीय है। ऐसा लग रहा है मानों मुझ पर कई विशाल ग्रहों को एक साथ लाद दिया गया है।
इसकी शक्ति से शरीरिक रूप से जीत पाना असंभव है। दिमाग का सहारा लेना होगा!
इसको अगर ऊर्जा चाहिए तो उसका अल्ट्रा हाई वोलटेज का डोज देना होगा!
आSSSह! ये... ये क्या है। इतनी ऊर्जा तो एक साथ मैने कभी नहीं चखी!
ये मेरे विष की सिर्फ एक बूंद की ऊर्जा थी, ब्लैक होल!
अभी तक तो तू सिर्फ मेरी त्वचा के चंद शल्कों का स्वाद लेकर ही खुश हो रहा था!
आहा! तू हर बार मेरे अनुमान को गलत साबित कर देता है।
तेरा स्वाद तो बढ़ता ही जा रहा है। और साथ ही साथ मेरी भूख भी।
ये तो पीछे हटने के बजाय और आक्रमक होता जा रहा है। जैसे किसी बाघ के मुंह में खून लग जाए!!

इसमें जानवरों जैसी प्रवृति है।

और इस से उसी तरह से निपटना पड़ेगा!

पहले इसका संपर्क बाकी के ब्लैक होल से काटना होगा ताकि उसका बढ़ाव रुक सके!

और अब मैं इसको विष ऊर्जा दूंगा ताकि ये खुद ही उसके असहनीय दबाव से फट जाए!

आऽऽऽह! इतनी ऊर्जा एक साथ...

ओह! तरीका काम में आ गया! बड़ी आसानी से काम हो गया! पर ये दबाव खत्म क्यों नहीं हो रहा है!

डकार

भई! एक साथ इतना खाना तो कोई दुश्मन को भी नहीं खिलाता!

पर चाहे बदहजमी हो या पेट खराब...

मैं तो
भाई अब रुक
नहीं सकता

तू...तू कटकर
भी बच गया!!

तू मुझे अपने ही
विस्तार से भला कैसे काटेगा,
नागराज! आज पहली बार मैं अपने
घर में किसी का स्वाद चख
रहा हूं।

वर्ना तो मुझ केंद्र तक
बची खुची ऊर्जा का स्वाद
ही पहुंचता था!!

आऽऽऽह! जल्दी ही कोई दूसरा तरीका सोचना होगा!

नागराज ब्रह्मांड की शायद सबसे बड़ी
शक्ति से एक तरफा लड़ाई लड़ रहा था-

लेकिन वह यह लड़ाई अकेले नहीं लड़ रहा था।

ओह! दुनिया तो
दुनिया ब्रह्मांड और उसके
आयाम भी गोल हैं।

जहां से चले
थे वहीं पर पहुंच
गए!

पर अभी तक लैब के अंदर बना ब्लैक होल उतना ही बड़ा है। ये बढ़ा क्यों नहीं।

क्योंकि ये सोर्स है। सोर्स कभी नहीं बढ़ता!

प्राचीन नगरी में बना इसका दूसरा भाग अब तक कई गुना बढ़ गया होगा! अब इसके बढ़ने का इंतजार क्यों कर रहे हो?

चलो! यहां से जल्दी निकलो तुम्हारा प्लेन शायद अभी भी खड़ा हो। आओ।

एक मिनट, चंडिका! मुझे अभी-अभी कुछ याद आया है।

मुझे हैड्रॉन-कोलाइडर की सुरंग में वापस जाना होगा।

शायद मैं ब्लैक होल को खत्म करने में नागराज की मदद कर सकूं।

तुम पागल तो नहीं हो गए! तुम इस सिस्टम को रोकने की कोशिश करोगे! है न?

पर ये सिस्टम अब सेल्फ सस्टेनिंग हो चुका है! अ...समझो किसी न्यूक्लियर फ्यूजन या फिशन की तरह! एक बार शुरू हो गया तो फिर उसको रोका नहीं जा सकता।

मैं सिस्टम को रोकने की नहीं सोच रहा हूं, चंडिका।

फिर क्या जान देने की सोच रहे हो? यहां का ब्लैक होल अभी भी इतना पावर फुल है कि तुमको लैब के बाहर से ही खींच ले!

अभी शायद ये नागराज के कारण कमजोर पड़ा हुआ है। इसके और शक्तिशाली होने का इंतजार मत करो!

समय रहते निकल लो!

हां ठीक! तुम समय रहते यहां से निकल लो चंडिका! पता नहीं मेरे एक्शन का इस पूरे क्षेत्र पर क्या असर पड़ेगा।

मुझे इसी बात का डर था। तू चाहे मर भी जाए फिर भी लौट कर आ सकता है! इसीलिए मैं अभी तक यहां पर तैनात था!

मैं तेरे दिमाग को जानता हूं। इसीलिए मुझको आशंका थी कि मैंने गलती से जो एक रहस्य तुझे बता दिया है वह तेरे दिमाग में कभी न कभी उछलेगा जरूर और तू यहीं पर आएगा!

सिरी! तुम सबका खेल खत्म हो चुका है। मैग्नम ने भी हथियार डाल दिए हैं।

पर रोबो ने उठा लिए हैं। अब मैं ब्रह्मांड सम्राट रोबो के लिए काम करता हूं।

ध्रुव की रफ्तार थम गई थी-

और रोबो की रफ्तार बढ़ गई थी।

सर, EARTH CDO954 ने भी एक छोटे से डिमांसट्रेशन के बाद आपके सारे रूल्स मान लिए हैं। हमको उनके सिर्फ दो महानगर डिलीट करने पड़े!

हमने आपका एक राजदूत भी उस फ्रीक्वेंसी द्वारा वहां पर भेज दिया है।

गुड! अब हमारे आदमियों की एक कमेटी बनाओ जो इस बात पर विचार करेगी कि हम किस धरती से क्या फायदा उठा सकते हैं!

डैड! आप तो इतने एक्साइटेड हो गए हैं कि ध्रुव को भूल ही गए हैं। वह कभी भी...

तुम भी ध्रुव को भूल जाओ बेटी। वह सौ जन्म ले ले फिर भी अब हमारे लिए खतरा नहीं बन सकता!

अभी यह सिस्टम दूसरे कामों में बिजी है। मैं इसको सिर्फ एक मामूली इंसान को ढूंढ़ने में बर्बाद नहीं कर सकता।

मामूली!! आपका चाहे हर पृथ्वी पर पूरा कब्जा हो जाए!

आप सर्व-सर्व शक्तिमान बन जाएं। फिर भी वह एक मक्खी की मदद से भी आपको हरा देगा!

मक्खी तो वह अब खुद बन चुका है।

"उसे भूल जाओ नताशा!"

तुम ठीक कह रहे थे, ध्रुव! ब्लैक होल को कंट्रोल करने वाला सिस्टम और फ्रीक्वेंसी सिंक्रोनाईजर सिस्टम अलग-अलग है और रोबो ने ब्लैक होल वाले सिस्टम के सिक्योरिटी कोड अभी तक नहीं बदले हैं।

चलो! एक अच्छी न्यूज तो मिली! मैं ब्लैक होल को खत्म करने की कोशिश करता हूं। पर पता नहीं मैं एक दूसरे आयाम में पैदा हुए ब्लैक होल को कंट्रोल कर भी पाऊंगा या नहीं।

"कहीं मैं खतरे को बढ़ा न दूं"

तू नीचे नहीं। ऊपर जाएगा, ध्रुव!

उम्मफ! इसके बदन में लोहा भरा है क्या? मैं सांस लेने के लिए छाती तक नहीं हिला पा रहा हूं। इसको हटाना पड़ेगा!

प्रयोग से सिद्ध हो गया कि सिंगल पुली के प्रयोग से वजन आधा हो जाता है।

टक

पर मेरा आधा वजन ही तुझे कुचलने के लिए काफी है।

गुड शॉट, सिरी।

बक अप! कम ऑन सिरी!

क्या कर रही है तू, चंडिका! मेरी मदद करने के बजाय दुश्मन का उत्साह बढ़ा रही है?

दुश्मन? ये तो मेरा ही काम कर रहा है। तुमको वापस नीचे जाने से रोक रहा है!

खामख्वाह का समय खराब हो रहा है। चंडिका समझ नहीं पा रही है कि मैं अपनी जान दांव पर यूं ही नहीं लगा रहा हूं।

गड़प!! आहSSS!!

ये तो सिरी का नाश्ता तक नहीं था, ध्रुव!

नाश्ते में तो मैं तुझे खाऊंगा।

तो आकर खा लो! या मैं प्लेट में बैठकर आंऊ?

कमाल की हिम्मत है तुझमें!! मौत के सामने कॉमेडी करता है!!

तुम ट्रेजेडी कर लो।

गड़SSSS!

अरे! ये पाइप मुझे कहां ले जा रहा है?

तुम जानो! तुम्हारी लैब है।

तुम यहीं से उसे बकअप करोगी या उसके पीछे जाना चाहोगी।
अ, मैं यहीं ठीक हूं। पर अगर तुम नीचे देखने की कोशिश करोगे तो पता चलेगा...

कि ब्लैक होल और पॉवर फुल हो रहा है।
ओ गॉड! ओ माई गॉड। अब देर करने का समय बिल्कुल नहीं है।

चंडिका, तुम यहां से निकलो! जल्दी!
लोग कहते हैं कि इसके पास बहुत दिमाग है और मुझे लगता है कि है ही नहीं!
तू ही फैसला कर, रब्बा!
फैसला तो ध्रुव ने ले ही लिया था।

अब एक और फैसला एक और ध्रुव को लेना था।
रीडिंग्स काफी हाई हैं। ब्लैक होल और तीव्र हो रहा है! ऐसे बिहेव कर रहा है जैसे कि वह कोई जीवित चीज हो।
कुछ भी हो। अब तो उस सिस्टम ने क्रैश करना शुरू कर दिया है। अब स्टेप टू।
वह क्या है?

इनका तब तक ध्यान बंटाए रखना जब तक सिस्टम का रिकवरी प्वाइंट तक क्रैश न हो जाए।
ध्रुव! तू...तू यहां पर? ओह! ताशा बिटिया भी आई है।
अरे कब तक लड़की का सहारा लेकर बचता रहेगा, क्राईम फाईटर?

वैसे तुम आधे घंटे से जो बाहर लटके हुए थे वह मुझे अच्छा नहीं लग रहा था।
अरे भई हम तो तुमको अभी भी अपना दामाद मानते हैं। पर तुम बेगानों की तरह व्यवहार करते हो।

वैसे तुम ब्लैक होल वाले सिस्टम के क्रैश होने का इंतजार पिटते हुए करना चाहोगे या माफी मांगते हुए!!

तुम...तुम ये बात पहले से जानते थे!!

न...न! ये तो मैंने अभी तुम्हारे दिमाग में पढ़ा है। जानते हो कैसे?

अपने दिमाग की फ्रीक्वेंसी को तुम्हार दिमाग की फ्रीक्वेंसी से मैच करके!!

तुम...तुम इस तरह बिना किसी गैजेट से फ्रीवेंक्सी कैसे बदल सकते हो!

क्योंकि अब ब्रह्मांड की फ्रीक्वेंसी मेरे अंदर हैं। मेरे कंप्यूटर सर्किट में हैं।

अब मुझे न तो किसी दूसरे सिस्टम की जरूरत है। और न ही किसी ब्लैक होल की!

अब मैं ब्रह्मांड का सम्राट हूं। जिसे चाहे बना सकता हूं जिसे चाहे मिटा सकता हूं। चाहे वह चीज ग्रह हो, तारे हों, या आकाश गंगाएं हों।

और अब तुम दोनों को अपने प्रयासों का इनाम मिलने वाला है।

तुम दोनों की फ्रीक्वेंसीज को बदल कर मैं अपने अंदर विलीन करने वाला हूं।

निर्वाण प्राप्त करने जा रहे हो तुम दोनों।

खतरा बहुत ज्यादा बढ़ गया था। अब खतरा एक दो या अनेक ब्रह्मांड पर नहीं पूरी सृष्टि पर ही मंडरा रहा था!

और ऐसे छोटे मोटे प्रयासों से उसका कोई भला होने वाला नहीं था।

एक पृथ्वी पर मंडराता ब्लैक होल का खतरा इस खतरे के सामने छोटा ही प्रतीत हो रहा था।

ओह! ये जिस तेजी से नागराजों और विषों की ऊर्जा पी रहा है उससे इसकी ताकत बढ़ती जा रही है।

अभी तो मुकाबला बराबर का है पर ये जल्दी ही मुझ पर हावी हो जाएगा।

ब्रह्मांड का सबसे शक्तिशाली दबाव ब्रह्मांड की सबसे ठोस चीज पर जोर आजमा रहा था!

आऽऽऽह! ये धीरे-धीरे मुझ पर हावी हो रहा है! मुझे...थोड़ी अतिरिक्त शक्ति चाहिए! पर अतिरिक्त शक्ति मिलेगी कैसे?

ब्लैक होल के अंदर तो कोई और शक्ति जीवित रह ही नहीं सकती! इस ब्लैक होल के क्षेत्र में जीवन होना भी एक आश्चर्य की बात है।

नहीं है नागराज!

जीवन के लिए अणुओं का जटिल संयोजन आवश्यक है। और ब्लैक होल का दबाव जटिलतम संयोजन पैदा कर सकता है!

यह जीवन का एक अद्भुत और दुर्लभ रूप है। और इसके अणुओं के संयोजन को तोड़ पाना अंसभव है।

सीधे शब्दों में कहो तो हम इसको यूं मार नहीं सकते!

दादा वेदाचार्य और साथ में तुम सब भी! सब यहां पर कैसे?

इसी की मेहरबानी से! बड़ी मुश्किल से हमारे तिलिस्मी कवच ने हमको बचाए रखा था! वैसे हमको तो सपने में भी आभास नहीं था कि ब्लैक होल के केंद्र में कोई ऐसा जीवन भी है।

जीवन है तो मृत्यु भी जरूर होगी। तुम्हें इसको नष्ट करना ही होगा, नागराज! अतिरिक्त शक्ति तुमको हम देंगे।

बाजी एक दम से पलट गई थी! तीन महाशक्तियां अपनी अद्भुत पराशक्तियों को नागराजों की संयुक्त शक्ति के साथ मिला रहे थे!

और ब्लैक होल का आंतक अपने पैर पीछे खींचने लगा था।

पर यह छलावा था।

ओह! इसने दादा वेदाचार्य और भारती को अपने अंदर समा लिया है। अब तो ये महाशक्तिशाली हो गया है।

और मैं इस पर वार करने से हिचक रहा हूं।

इस ब्लैक होल को खत्म करने का एक ही तरीका है। सिरी ने बताया था कि ब्लैक होल के साथ-साथ उसकी काट भी पैदा होती है। यानी जीरो ग्रेविटी।

अगर दोनों को एक साथ मिला दिया जाए तो ब्लैक होल मिट जाएगा।

पर ये काम होगा कैसे? इस मोटे मेटल के जोड़ को तोड़ पाना वैसे ही असंभव है।

और ब्लैक होल की शक्ति अब मेरे फेफड़ों की हवा के बाद मेरे फेफड़े भी खींचने जा रही है।

कोई तो ऐसी चीज मिले...

ये चलेगी?

हाहा! तुम पीछा नहीं छोड़ोगी।

कुछ ही सेकेंडों में सब कुछ फिट हो गया था।

अब एक स्पार्क सारा काम कर देगा।

ध्रुव को यह अनुमान कतई नहीं था-

कि ब्लैक होल एक जीवित शक्ति है और अब उसके साथ तिलिस्मी शक्तियां भी हैं।

अब मेरे पास सिर्फ तेरी नागशक्ति की कमी है। और उसके बाद तो मुझे ब्रम्हा भी मिटा नहीं पाएंगे।

ये सही कह रहा है। मैं इसको रोक सकता हूं, पर अब मिटा नहीं सकता!

हम सुरक्षित दूरी पर आ गए हैं। चंडिका! अब बस एक काम बचा है।

पॉवर का स्विच ऑफ और ऑन करके...

टक

POWERON

"...स्पार्क को पैदा करना! स्पार्क होगा..."

ऑक्सीजन आग पकड़ेगी! सिलेंडर फटेगा, ब्रिज टूटेगा!

और ब्लैक होल जीरो ग्रेविटी में मिलकर खत्म हो जाएगा।

मेरा दिमाग इस बार फेल हो गया!

ब्लैक होल को नष्ट करने का ये मेरे पास आखिरी तरीका था।

अब...अब हम कुछ नहीं कर सकते।

पर ध्रुव फेल नहीं हुआ था।

किसी ने एंटी ग्रेविटी को रिलीज कर दिया है। पर अब मेरी काट भी मेरी काट नहीं बन सकती।

मुझे और शक्ति चाहिए। तेरी पूरी शक्ति चाहिए, नागराज। तेरे शरीर में बसी हजारों सूर्यों जितनी विष की ऊर्जा!!

तू बकवास कर रहा है, ब्लैक होल! मुझे पता नहीं कि अभी अचानक क्या नया घटित हुआ है। पर उससे तू कमजोर जरूर हो गया है।

बहुत ज्यादा कमजोर!!

दोनों महाशक्तियां पलड़े को अपनी तरफ झुकाने की चेष्टा कर रही थीं! संतुलन इतना बराबर था...

कि अगर एक पंख भी किसी पलड़े में गिर जाए तो वह पलड़ा भारी हो जाए।

तू कब तक फ्रींक्वेंसी डिस्रप्टर का इस्तेमाल करके बचता रहेगा ध्रुव!

जब तक संभव हो रोबो।

पर अभी मैं उसको सेट नहीं कर रहा हूं।

फिर... फिर तू क्या कर रहा है?

मैं तेरे दिमाग को पढ़ नहीं पा रहा हूं।

क्योंकि मैं जो कर रहा हूं वह सोच नहीं रहा हूं। इतना तो अपने दिमाग को मैंने ट्रेन किया हुआ है।

कर ले! पर तू ज्यादा देर तक अपने विचारों को मुझसे छुपा नहीं पाएगा...

ओह!! पता चल गया मुझे!!

ये तू क्या कर रहा है। ब्लैक होल के सिस्टम को नष्ट करने की बजाय उसको और पॉवर फुल बना रहा है। क्यों?

चुंबक अगर लोहे को खींच सकता है, रोबो, तो लोहा भी चुबंक को खींच सकता है!!

अब तक ब्लैक होल की पॉवर ने आयामों की पर्तों को खींचा था।

"अब आयाम की पर्तें ब्लैक होल को खीचेंगी।"

"उन आयामों की, जिनकी सारी फ्रीक्वेंसी को तुमने अपने से रूट किया हुआ है! तुम्हारा शरीर माध्यम है ब्लैक होल और उन आयामों की पर्तों के बीच में।"

पूरी ताकत लगाकर एक धक्का और...

आऽऽऽऽम्मफ! मुझे लग रहा है कि है...कि मैं... सफल हो रहा हूं।

बस!...

ब्लैक होल अपने विनाश के रास्ते पर चल पड़ा था!

उस रास्ते पर जो ध्रुव ने ब्लैक होल के लिए अंजाने में ही निश्चित कर दिया था।

ये क्या पर?

पता नहीं!

पर अब सब कुछ शांत हो चुका है। असर तो आया पर देर से!

ध्रुव अभी तक नहीं जानता था कि ये असर...

एक संयुक्त प्रयास का परिणाम था

कितने नागराज समाए थे इसके बदन में?

पता नहीं दादा जी!

पर वो ब्लैक होल हीरो कहां गायब हो गया!

"शायद वहीं जहां से वह आया था"

ये...ये क्या हो रहा है?!!

ये ब्लैक होल की ब्लैक एनर्जी है, रोबो! तुमको ढूंढते हुए यहां तक आ गई है। लोहे ने चुंबक को खींच लिया है।

पर...इसको तो आयामों की शक्ति खींच रही थी।

आयामों की फ्रीक्वेंसी और वह फ्रीक्वेंसी तुम्हारे पार होकर जाती है।

इसीलिए ये ब्लैक होल भी तुम्हारे पार होकर ही जाएगा। पर ये तुमको जैसे ही अपने अंदर समेटेगा वैसे ही वह कनेक्शन खत्म हो जाएगा।

"और ब्लैक होल आगे न जा पाने के कारण यहीं खत्म हो जाएगा।"

इस धमाके के बाद कितने समय तक सब बेसुध रहे थे...

इसका किसी को आभास नहीं था!!

ये मैं क्या सुन रहा हूं, ध्रुव?

तुम..तुम ही मैग्नम थे!!

हां, नागराज! मैं इस बात का जीता जागता उदाहरण बन गया हूं कि कैसे घृणा और क्रोध इंसान के दिमाग और आंखों पर पर्दा डाल देते हैं।

कमाल है यानि अब तक मैं तुमसे ही सलाह ले रहा था और तुमसे ही लड़ाई कर रहा था!

तभी तो तुम मात खाते जा रहे थे। अगर ऐसा ना होता तो तुम्हारे हाथ कब के मैग्नम की गर्दन तक पहुंच गए होते।

लेकिन मेरी किस्मत से मेरी बदकिस्मती दूर हो गई। ध्रुव यहां पर आया और मेरी आंखें खोल गया!!

ध्रुव की आंखें खोलने के लिए ध्रुव की ही जरूरत थी!

अब मैं अपने आप को कानून के हवाले करने जा रहा हूं। ताकि अपने किए का समुचित पश्चाताप कर सकूं।

ठीक कहा ध्रुव! तुमको उम्र कैद की सजा मिलनी तय हो चुकी है! मैंने सुप्रीम चीफ जस्टिस से तुम्हारी गिरफ्तारी का ऑर्डर भी निकलवा लिया है!

डैड! मैं...मैं तो आपके पैरों पर भी नजरें डालने के काबिल नहीं रहा। मेरे लिए तो ये वरदान होगा कि आप मेरी सूरत कभी न देखें और कभी शर्मिंदा न महसूस करें।

इस प्लेनेट पर एक ही जेल है जहां से तुम भाग नहीं सकते। और वह जेल है...

तुम्हारा घर! जहां पर इत्तफाक से मैं भी रहता हूं।

ये...ये आप क्या कह रहे हैं डैड?

ये मैं नहीं कह रहा हूं। ये जज का कहना है। लीगल जजमेंट है ये। तुमने इस दुनिया के लिए क्या किया है यह बात अब किसी से छुपी हुई नहीं है। इससे कानून का तुम पर विश्वास फिर से पक्का हो गया है।

वैसे भी सजाएं सुधारने के लिए दी जाती हैं। और तुम पहले से ही सुधर गए हो।

ओ, डैड! आई एम सो सॉरी!

मुझसे सॉरी कह लो पर नागराज से थैंक्यू कहना। तुम्हारे केस की पैरवी इसी ने की है।

ऐसी स्क्रिप्ट तो मैंने कभी सपने तक में नहीं पढ़ी है। मुझे तो लगता है कि नागराज को इससे बड़ी चुनौती कभी मिल ही नहीं सकती।

ब्लैक होल से टक्कर। वह भी एक जीवित इंटिलिजेंट ब्लैक होल से!!

और उसे भी मात दे देना!! सचमुच अद्भुत है!!

इतनी तारीफ न करें, दादाजी! वह तो मेरी या पृथ्वी की किस्मत अच्छी थी जो इस कारण से लाखों आयामों के नागराज मेरे शरीर में समा गए और मैं अति ठोस हो गया।

वर्ना ब्लैक होल तो पल भर में मुझे साँस बना देता! भगवान की बड़ी कृपा थी!

अपने काम को इतना मामूली करके मत आंको, नागराज!

ध्रुव! ओह, तुम को सलामत देखकर बड़ी शांति मिली।

तुम्हारी वजह से! और सच्चाई यह है कि तुमने सिर्फ एक पृथ्वी को नहीं असंख्य पृथ्वियों को, बल्कि पूरी सृष्टि के वर्तमान स्वरूप को नष्ट होने से बचाया है।

पर आयामों में भी धांधली चलती है।

नागराज दिखे सारे ध्रुव भी दिखे, पर नागू नहीं दिखा! गरीबों के लिए तो कुछ है ही नहीं।

आप जैसा दूसरा तो भगवान भी नहीं बना पाया होगा, नागू भईया!! शोले बार-बार थोड़ी बनती है।

"ये बात सही लगती है। मुझे सूट जो करती है।"

काश ऐसा ही रोबो के साथ भी हुआ होता! एक रोबो ही काफी होता इस सृष्टि के लिए!

मैं तो ये सोचकर ही सिहर जाता हूं कि यहां पर अगर दो नागराजों या दो ध्रुवों के स्थान पर दो रोबो आ जाते तो क्या होता हमारी धरती का!!

अगर सवाल उठा है तो कहीं न कहीं उसका जवाब भी जरूर होगा!

और कभी न कभी वह मिलेगा जरूर!!

समाप्त

महानगर में ठप्प हो गया है जनजीवन। पानी की जगह लोग पी रहे हैं दूसरों का खून। फैल रहा है द्वेष और पनप रहा है गृह युद्ध। कारण है ट्रांसपोर्टर स्ट्राइक!

पर स्ट्राइक का कारण क्या है?

राज रजत वर्ष

RATHI TRANSPORT ®

TATA

MILLS

कारण है गहरा और दांव पर हैं दो करोड़ जिन्दगियां। पर चिंता की क्या बात है कोई भी प्रलय आए...

By: अनुपम JAGDISH 007 GOVIND

नागराज है ना

राज कॉमिक्स में नागराज का आगामी रोमांचक विशेषांक!

कल तक जिसने इंसानी जान ना लेने की कसम खाई थी।
आज वही ध्रुव बेहिचक कर रहा है अपराधियों का खून।

क्या ये वही ध्रुव है या फिर ध्रुव पर हावी हो
रहा है उसका...

ऑल्टर ईगो